# महिला विकास निगम, बिहार

## (समाज कल्याण विभाग)

## आवश्यक सूचना

## "नारी शक्ति पुरस्कार 2017" हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार के पत्रांक D.O.21-5/2016-WD&IC के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च, 2017 के अवसर पर महिला विकास एवं महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न प्रक्षेत्रों में किये गये अति विशिष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान हेतु महिलाओं/बालिकाओं एवं समर्पित संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाना है। उक्त पुरस्कार के लिए अर्हत्ता रखनेवाली महिलाएँ/बालिकाएँ/संस्थाएँ संबंधित जिला पदाधिकारी के कार्यालय में 31 अगस्त, 2016 तक विहित प्रपत्र में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा अपनी अनुशंसा के साथ योग्यतम 01 महिला/संस्था अथवा दोनों के संबंध में प्रस्ताव दिनांक 15 सितम्बर, 2016 तक प्रबंध निदेशक, महिला विकास निगम, समाज कल्याण विभाग को भेजा जाना है। राज्य स्तर पर चयन समिति/स्क्रीनिंग कमिटि की बैठक में तदुपरांत योग्य आवेदनों के संबंध में प्रस्ताव 30 सितम्बर, 2016 तक भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

इस पुरस्कार से संबंधित विस्तृत जानकारी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के वेबसाईट http://www.wcd.nic.in एवं महिला विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के वेबसाईट www.support@wdcbihar.org.in से प्राप्त की जा सकती है।

विशेष जानकारी के लिए वेबसाइट–www.prdbihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

(डॉ. एन. विजयलक्ष्मी)<br>
प्रबंध निदेशक,<br>
महिला विकास निगम, बिहार

पी0आर0 5354(नि0नि0)16–17